रांची एकादश ने जीता खिताब

अनूप मरांडी राज्य स्तरीय फुटबॉल

संवाददाता ■ रांची

फाइनल मैच देखने पहुंचे जेवीएम अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और सांसद परिमल नथवाणी. फोटो : प्रभात खबर

मेजबान रांची ने मंगलवार को यहां खेले गये रोमांचक संघर्ष में शेष एकादश को 2-0 गोलों से हरा राज्य स्तरीय अनूप मरांडी फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया है. हरमू मैदान में खेले गये फाइनल मैच में विजेता टीम के लिए महली कच्छप एवं विमल लकड़ा ने क्रमश: 9वें तथा 19वें मिनट में एक-एक गोल किये. इससे पूर्व खेले गये पहले सेमीफाइनल मैच में रांची ने लोहरदगा को 3-0 से तथा बोकारो ने रांची ग्रामीण को कड़े संघर्ष के बाद टाइब्रेकर में 5-4 गोलों से हराया था. पहले सेमीफाइनल मैच में रांची के लिए अजय लकड़ा, सुमित गाड़ी एवं विमल लकड़ा ने एक-एक गोल दागे. रांची एकादश के रमन लकड़ा को श्रेष्ठ गोलरक्षक, रांची के ही अमित मुंडा को बेस्ट डिफेंडर, विजेता टीम के अजय लकड़ा को फाइनल मैच का श्रेष्ठ खिलाड़ी तथा इसी टीम के रवि मुंडा को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार दिया गया. विजेता टीम को ट्रॉफी के अतिरिक्त 21 हजार तथा उपविजेता 11 हजार रुपये व ट्रॉफी दी गयी. पुरस्कार वितरण झारखंड विकास मोर्चा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं राज्यसभा सांसद परिमल नथवाणी ने किया. फाइनल मैच से पूर्व साई सेंटर रांची एवं ओरमांझी एकादश के बीच महिला फुटबॉल प्रदर्शनी मैच भी खेला गया, जिसमें साई सेंटर की टीम 4-1 गोलों से विजयी रही.

बोकारो ने दिया वॉकओवर

सेमीफाइनल मैच में रांची एकादश पर टाइब्रेकर में 5-4 गोल की जीत दर्ज करनेवाली बोकारो एकादश की टीम ने अनूप मरांडी फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में ही वाकओवर दे दिया. झारखंड फुटबॉल के इतिहास में यह पहला ऐसा मौका है, जब किसी जिला की टीम ने राज्य फुटबॉल संघ से मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता के फाइनल मैच में वाकओवर दिया हो. इस संबंध में जब आयोजकों से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि बोकारो की टीम को भी धर्मशाला में ठहराया गया था. जब खिलाड़ियों को लाने के लिए वोलेंटियर को भेजा गया, तो उन्होंने फाइनल मैच में टर्न अप होने से इनकार कर दिया. प्रतियोगिता की गरिमा को देखते हुए आनन-फानन में शेष एकादश की टीम उतारी गयी और उसे फाइनल खेलने का मौका दिया गया. इस संबंध में जेवीएम के महासचिव प्रवीण सिंह ने कहा कि चूंकि यह प्रतियोगिता रजिस्टर्ड थी, इसलिए वह बोकारो के इस रवैये के खिलाफ झारखंड फुटबॉल संघ के पास कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखेंगे.

सौ खिलाड़ी सम्मानित

झारखंड विकास मोरचा की ओर से फुटबॉल फाइनल मैच के बाद आयोजित एक समारोह में विभिन्न खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले झारखंड के पूर्व एवं वर्तमान खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया. सभी खिलाड़ियों को शॉल ओढ़ा कर जेवीएम अध्यक्ष ने सम्मानित किया.

रांची और गोड्डा चैंपियन

रांची और गोड्डा की टीमों ने आठवीं सीनियर अंतर जिला टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप का क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीत लिया. रांची ने फाइनल में लातेहार को 46 रन से पराजित किया. रांची के मो सद्दाम को मैन ऑफ द सीरीज और मो एकरामुल को मैन ऑफ द का पुरस्कार दिया गया. महिला वर्ग में गोड्डा ने रामगढ़ को हराया.

PRABHAT KHABAR
Pg. 16 Dt 16/11/2011

कार्डिनल से मिले परिमल नथवाणी

संवाददाता ■ रांची

राज्यसभा सांसद परिमल नथवाणी ने मंगलवार की शाम आर्चबिशप हाउस में कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो से मुलाकात की व अपनी परियोजनाओं के लिए उनका आशीर्वाद मांगा. लगभग एक घंटे तक चली बैठक में राज्य की स्थिति पर चर्चा हुई. बातचीत के बाद कार्डिनल ने पत्रकारों को बताया कि वे पहली बार स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए और इस दौरान उन्होंने कई विषयों पर आत्ममंथन किया. समारोह अच्छा रहा, पर उपलब्धि भी दिखनी चाहिए. साल-दर-साल विकास होना चाहिए. इधर, परिमल नथवाणी ने कहा कि राज्य के पास संयुक्त अरब अमीरात के देशों से अधिक संपदा है, पर विजन और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी से विकास नहीं हो पाया. सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों को चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलती. राज्य के संसाधनों का इस्तेमाल राज्य में ही होना चाहिए.

PRABHAT KHABAR
Pg. 05 Dt 16/11/2011

शहरनामा

सुबह 9.00 बजे
- श्री राणी सती मंदिर के तत्वावधान में वार्षिकोत्सव, रातू रोड.

सुबह 9:30 बजे
- उषा मार्टिन एकेडमी में आनंद उत्सव, जिमखाना क्लब.

दिन के 10:30 बजे
- होटल चिनार में अवार्ड समारोह.
- नगर निगम अस्पताल का उद्घाटन, रातू रोड में.
- पशुपालन, कृषि व सहकारिता मेला, मोरहाबादी मैदान में.

दिन के 11.00 बजे
- झारखंड वैश्य संघर्ष मोरचा की बैठक, होटल अप्सरा.
- हटिया पुणे सुपर फास्ट ट्रेन का उद्घाटन, हटिया रेलवे स्टेशन से.

दिन के 11:30 बजे
- श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के तत्वावधान में नि:शुल्क कैलीपर्स वितरण समारोह, मारवाड़ी भवन, हरमू रोड में.

दिन के 3:30 बजे
- 65 वां राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप, खेलगांव में.

शाम 6.00 बजे
- खेलगांव में अलका याज्ञिक का कार्यक्रम.

PRABHAT KHABAR
Pg. 06 Dt. 16/11/2011

रांची एकादश ने जीती अनूप मरांडी ट्राफी

खेल संवाददाता | रांची

विजेता टीम के खिलाड़ी ट्राफी के साथ।

रांची एलेवन ने फाइनल में रेस्ट एकादश को 2-0 से हराकर स्व. अनूप मरांडी स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। पूरे मैच में रांची की टीम हावी रही और उसने अपने प्रतिद्वंदी टीम को कोई मौका नहीं दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी द्वारा विजेता टीम को 21 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 11 हजार रुपये नगद प्रदान किए गए। इस अवसर पर राज्य सभा के सांसद परिमल नाथवाणी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मौके पर राज्य के 101 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शॉल व मोमेंटो प्रदान किया। इसके साथ ही टूर्नामेंट के श्रेष्ठ खिलाड़ी भी पुरस्कृत हुए। टूर्नामेंट का आयोजन जेवीएम क्रीड़ा मंच द्वारा किया गया था। बेस्ट गोलकीपर : रमन लकड़ा, बेस्ट डिफेंडर: अमित मुंडा, बेस्ट खिलाड़ी : रवि मुंडा, प्लेयर ऑफ द फाइनल : अजय लकड़ा। सभी रांची टीम के सदस्य हैं।

DAINIK BHASKAR
Pg. 12 Dt. 16/11/2011

आज उद्घाटन करेंगे नथवाणी

रांची | राज्यसभा सदस्य परिमल नथवाणी बुधवार को कई योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। दिन के साढ़े ग्यारह बजे वह रातू रोड में बने आरएमसी अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद कांके प्रखंड के रेंडो गांव में लगे सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन करेंगे।

DAINIK BHASKAR
Pg. 07 Dt. 16/11/2011

अपने शहर में

- राज्य सभा सांसद परिमल नाथवाणी एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज की ओर से रातू रोड स्थित नगर निगम अस्पताल का शुभारंभ आज 11.30 बजे किया जाएगा।
- किताब का लोकार्पण सह कार्यशाला, कैपिटोल हिल, 10 बजे
- झारखंड वैश्य संघर्ष मोर्चा की प्रेस वार्ता, होटल अप्सरा, एक बजे
- युवा कांग्रेस अध्यक्ष की प्रेस वार्ता, कांग्रेस भवन, 11.30 बजे
- बहुजन समाज पार्टी की प्रेस वार्ता, स्वागत मैरेज हॉल, सहजानंद चौक, हरमू, 3 बजे
- मिशन कंवेंशन एजी चर्च कांटा टोली 5.30 शाम
- हटिया-पुणे सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन की रवानगी, हटिया स्टेशन, 11 बजे
- पशुपालन कृषि एवं सहकार मेला, मोरहाबादी, 10.30 बजे
- राणी सती मंदिर कमेटी के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ, सुबह नौ बजे
- उषा मार्टिन स्कूल, टाटीसिलवे में आनंद उत्सव
- चिन्मय मिशन का ज्ञान यज्ञ, सुबह 7.15 बजे, चिन्मय आश्रम
- केसीबी कॉलेज बेड़ो में राष्ट्रीय सेमिनार, 11 बजे
- अमूल का प्रतिभा सम्मान, होटल चिनार, 10.30 बजे

HINDUSTAN
Pg. 08 Dt. 16/11/2011

कार्डिनल से मिले परिमल नाथवानी

रांची। राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी 15 नवंबर की शाम छह बजे कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो से मिले। आर्चबिशप हाउस में हुई इस मुलाकात के विषय में सांसद परिमल नाथवानी ने बताया कि झारखंड राज्य के विकास के लिए वे कई मुद्दों पर काम करना चाहते हैं। इसी सिलसिले में उन्होंने कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि राज्य में राजनैतिक इच्छाशक्ति का अभाव है, जिसकी वजह से 11 वर्षों के बाद भी यहां आधारभूत संरचना का अभाव है। उन्होंने कहा कि यूएइ (खाड़ी देश) के मुकाबले झारखंड में प्राकृतिक संसाधन कई गुणा ज्यादा है। फिर भी राज्य विकास व उपलब्धियों से दूर है। उन्होंने कहा कि हम कोयला पर बैठे हैं, लेकिन यहां बिजली नहीं है। एलुमीनियम व अन्य खनिजों की प्रचुरता है, लेकिन बेरोजगारी है। बातचीत में कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो ने भी विकास की संभावनाओं पर काम करने पर सहमति जतायी। उन्होंने कहा कि दस वर्षों में विजन की कमी दिखती है। क्योंकि जिस मकसद से हमारे पूर्वजों ने राज्य की कल्पना की थी, वह अधूरी ही है। उन्होंने बताया कि वे पहली बार राज्य स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए।

HINDUSTAN
Pg. 13 Dt. 16/11/2011

Cardinal

Ranchi: Rajya Sabha MP Parimal Nathwani on Tuesday met Cardinal Telesphore P. Toppo and sought his cooperation in starting development activities in villages. The MP said he wanted to construct at least two check dams in every village. Cardinal Toppo said the church was willing to lend a helping hand.

TELEGRAPH
Pg. 17 Dt. 16/11/11

रांची एकादश ने खिताब पर जमाया कब्जा

विजेता टीम को पुरस्कार देते बाबूलाल मरांडी। जागरण

रांची, प्रसं : झारखंड विकास मोर्चा (प्र) के तत्वावधान में आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय अनुप मरांडी मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब रांची एकादश ने जीत लिया। हरमू मैदान में मंगलवार को फाइनल मैच में रांची का मुकाबला बोकारो से होना था लेकिन बोकारो की टीम मैच खेले बिना वापस लौट गई। टीम क्यों लौटी इस संबंध में आयोजकों ने कुछ नहीं बताया। आयोजकों ने एक संयुक्त टीम बनाकर फाइनल मैच कराया। इस मैच में रांची की टीम 2-0 से विजयी रही।

DAINIK JAGRAN
Pg. 19 Dt. 16/11/2011

अनूप मरांडी मेमोरियल फुटबाल सम्पन्न : 101 पुराने खिलाड़ी हुए सम्मानित

रांची इलेवन ने जीती चैम्पियनशिप

रांची, 15 नवम्बर (खे.सं.) : झारखंड विकास मोर्चा क्रीड़ा मंच के तत्वावधान में हरमू मैदान में खेले गए प्रथम राज्यस्तरीय अनूप मरांडी मेमोरियल फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल में रांची एलेवन ने रेस्ट एलेवन को 2-0 से पराजित कर चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया। इससे पहले सेमीफाइनल में रांची एलेवन ने लोहरदगा को 3-0 तथा बोकारो ने रांची ग्रामीण को 5-4 से पराजित किया। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर रांची एलेवन के रमन लकड़ा, बेस्ट डिफेन्डर रांची एलेवन के अमीत मुण्डा, प्लेयर आफ द मैच रांची एलेवन के अजय लकड़ा एवं प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रवि मुण्डा को घोषित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झाविमो के केन्द्रीय अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद परिमल नाथवाणी, डा. सबा अहमद, प्रवीण कुमार सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, अजयनाथ शाहदेव, संतोष कुमार, डा. संजय सिंह, डा. उमेश गुप्ता, राकेश कुमार सिंह, दुर्गा शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। विजेता टीम को बाबूलाल मरांडी ने 21 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को परिमल नाथवाणी ने 11 हजार रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान किया। इस मौके पर अन्तरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। फाइनल से पूर्व साई सेन्टर रांची और ओरमांझी एलेवन महिला टीम के बीच प्रदर्शनी मैच खेला गया जिसमें साई सेंटर की टीम 4-1 से विजयी हुई। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा मंच के केन्द्रीय सचिव राकेश कुमार सिंह ने किया।

RANCHI EXPRESS
Pg. 11 Dt 16/11/2011

सौर ऊर्जा से जगमग हुआ रेंडो गांव

रांची, 15 नवम्बर (रां.ए.सं.) : वैसे तो झारखंड से राज्य सभा के लिए कई लोग चुने गये परंतु परिमल नथवाणी ने झारखंड के विकास की जो अपने स्तर पर परिकल्पना की वह अनुकरणीय है।

आरएमसी अस्पताल भवन का आज उद्घाटन करेंगे नथवाणी

राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद परिमल नथवाणी ने यहां के विकास के लिए एक-एक कर योजनाओं पर विचार करना शुरू किया और उन्हें कार्यान्वित भी करना शुरू किया। इस्लामनगर में उन्होंने विकास की बुनियाद रखी थी परंतु दुर्भाग्यवश वह अतिक्रमण की भेंट चढ़ गया। एक साल पूर्व उन्होंने रांची नगर निगम के रातू रोड स्थित अस्पताल के जर्जर भवन को नया रूप देने का निर्णय लिया और आज इस अस्पताल का भवन बनकर तैयार है।

कल पूर्वाह्न 11.30 बजे परिमल नथवाणी इस भवन का उद्घाटन करेंगे। इस भवन का निर्माण कराकर उन्होंने गरीबों को चिकित्सा सुविधा देने की पहल की है।

यह कल्पना से बाहर की बात है कि राजधानी रांची से महज 15 किलोमीटर दूर स्थित जनजातीय बहुल गांव रेंडो में बिजली नहीं थी। परिमल नथवाणी ने अपने निजी खर्च से इस गांव में सौर ऊर्जा प्लांट की स्थापना की और आज पूरा गांव बिजली से जगमगा गया है। सामाजिक संस्था 'होप' के सर्वे के बाद परिमल नथवाणी ने गांव के विकास का निर्णय लिया। गांव के लोग खुश हैं क्योंकि उनके गांव में बिजली आ गयी है। परिमल नथवाणी ने सांसद फंड से सड़कों का निर्माण कराया है। इसके अलावा नामकुम प्रखंड में भी विकास कार्य श्री नथवाणी द्वारा किये गये हैं।

RANCHI EXPRESS
Pg. 04 Dt. 16/11/2011

नगर निगम के पुनर्निमित अस्पताल का उद्घाटन आज

सोलर पावर प्लांट व अन्य योजनाओं का भी उद्घाटन

रांची। राज्यसभा सांसद और परिमल नथवाणी द्वारा कल राजधानी रांची में दो महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद नथवाणी १६ नवंबर को दो महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। राज्यसभा और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सौजन्य से रातू रोड स्थित पुनः निर्मित नगर-निगम अस्पताल का उद्घाटन कल पूर्वाह्न ११.३०बजे होगा, वहीं कांके प्रखंड के रेंडो गांव में राज्यसभा सांसद द्वारा परिमल नथवाणी के निजी कोष द्वारा लगाया गया सोलर पावर प्लांट और सांसद कोष द्वारा कराए गए विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन अपराह्न तीन बजे होगा। उल्लेखनीय है कि रेंडो गांव राजधानी रांची से मात्र १५किमी की दूरी पर स्थित है,लेकिन आजादी के ६४साल बाद भी इस गांव में बिजली नहीं पहुंची थी। सांसद परिमल नथवाणी के प्रयास से यह गांव कल से सोलर लाइट से जगमगा उठेगा।

AAJ
Pg. 10 Dt 16/11/2011

अनूप मरांडी मेमो फुटबॉल 12 से

संवाददाता ■ रांची

ग्रामीण क्षेत्र के फुटबॉलरों को प्रमोट करने के उद्देश्य से झारखंड विकास मोरचा (झाविमो) ने फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित करने का निर्णय लिया है. झारखंड राज्य फुटबॉल संघ से मान्यता प्राप्त यह टूर्नामेंट 12 नवंबर से शुरू होगा. 15 नवंबर तक चलनेवाले टूर्नामेंट की विजेता टीम को अनूप मरांडी मेमोरियल ट्रॉफी दी जायेगी. टूर्नामेंट का उद्घाटन और फाइनल मैच हरमू मैदान में खेला जायेगा, जबकि अन्य मैच रांची के विभिन्न मैदानों में खेले जायेंगे. इस टूर्नामेंट में 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं. टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व हॉकी खिलाड़ी धनराज पिल्लै और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह झाविमो सुप्रीमो बाबूलाल मरांडी 12 नवंबर को करेंगे. [illegible] समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद परिमल नथवाणी होंगे. इसके अलावा झाविमो ने राज्य के 100 दिग्गज फुटबॉलरों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है.

झाविमो ने ग्रामीण फुटबॉलरों को प्रमोट करने का बीड़ा उठाया

राज्य के 100 फुटबॉलर होंगे सम्मानित

पूर्व हॉकी खिलाड़ी धनराज पिल्लै करेंगे टूर्नामेंट का उद्घाटन

अमेरिका की हैट्रिक जीत

सोहाना साहिब (पंजाब) : अमेरिका ने आज यहां कबड्डी विश्व कप पूल बी मैचों में अर्जेंटीना को 71-17 से हरा कर लगातार तीसरी जीत दर्ज की, जबकि पाकिस्तान भी जीत हासिल करने में सफल रहा. पाकिस्तान ने इटली को 50-37 से परास्त किया और स्पेन ने श्रीलंका को 70-26 से शिकस्त दी. अमेरिकी टीम ने हाफ टाइम तक 35-8 से बढ़त बनायी हुई थी.

PRABHAT KHABAR
Pg. 16 Date 08/11/2011